प्रेषक,

निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखण्ड
ननूरखेड़ा, देहरादून।

सेवा में,

समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी
उत्तराखण्ड।

पत्रांक/विविध/ 11229 /मॉ0स्कूल/2016–17 दिनांक 05 जुलाई, 2016

विषयः– **मॉडल स्कूल में शिक्षक पदस्थापना के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशालय के पत्र संख्या/नियोजन 5ख(4)/7848–50/मॉडल स्कूल/2016–17 दिनांक 08 जून, 2016 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा मॉडल स्कूलों में रिक्त पदों पर शिक्षकों की चयन प्रक्रिया अपनाये जाने के सम्बन्ध में निर्देश प्रदान किये गये थे। वर्तमान में प्रदेश में अतिवृष्टि के कारण आपदा आई हुई है जिसके कारण ब्लाक स्तर पर फार्म जमा करने में कठिनाई का अनुभव किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रवक्ता पदों पर सीधी भर्ती से नियुक्तियां भी की गई हैं।

अतः आप विभागीय वेबसाईट से प्रवक्ता सीधी भर्ती के पदों की सूची डाउनलोड कर यह सुनिश्चित कर लें कि उक्त मॉडल विद्यालयों में इन पदों की रिक्ति न दर्शाई गई हो। इन तथ्यों के दृष्टिगत शिक्षकों की चयन प्रक्रिया को निम्न संशोधित कार्यक्रमानुसार सम्पादित करने का निर्णय लिया गया है।

खण्ड कार्यालय में आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि–	12 जुलाई, 2016
मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की तिथि–	14 जुलाई, 2016
परीक्षा तिथि –	18 जुलाई, 2016
साक्षात्कार तिथि –	23 जुलाई, 2016
परीक्षा परिणाम घोषित करने की तिथि –	26 जुलाई, 2016

कृपया पूर्व में दिये गये निर्देशों को उक्त सीमा तक संशोधित मानते हुए कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

5.7.2016
(आर0के0कुंवर)
निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड।